राजस्थान पत्रिका
29/11/16

संस्थान का किया अवलोकन

मालपुरा के केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर का अवलोकन करने के दौरान महाराष्ट्र सांसद को तकनीक के बारे में बताते संस्थान निदेशक।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

मालपुरा. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर का सोमवार को महाराष्ट्र से सांसद राजू शेट्टी व दिल्ली से विधायक देवेन्द्र सहरावत ने अवलोकन किया। उन्होंने संस्थान द्वारा विकसित की गई तकनीकों की जानकारी ली। संस्थान निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी ने पशुपालन के क्षेत्र में विकसित विभिन्न तकनीकों, अनुसंधानों के बारे में बताया। परियोजनाओं, प्रयोगशालाओं, सेक्टरों का उन्हें अवलोकन कराया गया।

दैनिक भास्कर
29/11/16

महाराष्ट्र के सांसद व दिल्ली के विधायक ने अविकानगर का दौरा कर देखी नई तकनीक

मालपुरा | केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में रविवार को महाराष्ट्र के सांसद व दिल्ली के विधायक ने दौरा कर संस्थान में शौधित नवीन तकनीक व ऊन उत्पादों का अवलोकन किया। संस्थान निदेशक डॉ. एस.एम.के.नकवी ने बताया कि महाराष्ट्र के सांसद राजू शैट्टी व दिल्ली विधान सभा के सदस्य देवेंद्र सहरावत ने रविवार को संस्थान का दौरा कर यहां के विभन्न सैक्टरों का अवलोकन किया। उन्होंने भ्रमण के दौरान संस्थान में चल रही विभिन्न परियोजनाओं एवं संसाधनों को भी देखा। सांसद व विधायक ने संस्थान में किए गए नए अनुसंधानों का भी अवलोकन किया तथा नवीन तकनीक से उत्पन्न भेड़-बकरियों को देख कर प्रशन्नता जताई। निदेशक डॉ. नकवी ने अतिथियों का स्वागत किया व अनुसंधान संबंधी जानकारी दी।

मालपुरा. अविकानगर में सांसद व विधायक ने भ्रमण कर ऊन उत्पादों का अवलोकन किया